# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–04 जुलाई 2025** **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में आम महोत्सव का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने महोत्सव स्थल पर लगी प्रदर्शनी का अवलोकन किया और आमों के निर्यात के लिए कंटेनर्स का फ्लैग ऑफ किया। उन्होंने स्मारिका का विमोचन किया और प्रगतिशील बागवानों तथा निर्यातकों को सम्मानित भी किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने बागवानों के लिए सरकार द्वारा किये जा रहे प्रयासों की चर्चा की।

**पिछले चार वर्ष में डबल इंजन सरकार ने एक्सपोर्ट को बढ़ावा देकर के कई गुना लाभ हमारे औद्यानिक किसानों को प्राप्त हो सके, बागवानों को प्राप्त हो सके, इसके लिए चार पैक हाउस भी बनाए गए हैं। ये पैक हाउस प्रदेश की राजधानी लखनऊ में तो है ही यहां के साथ साथ अमरोहा में, सहारनपुर में, वाराणसी में भी सफलतापूर्वक कार्य कर रहा है। इसके माध्यम से हम औद्यानिक फसलों के साथ जुड़े हुए जो बागवान हैं उनको इस बात का प्रशिक्षण देते हैं कि एक्सपोर्ट के लिए वेरायटी की क्वालिटी क्या होनी चाहिए।**

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज राज्य प्रशासनिक सेवा पीसीएस दो हजार बाइस बैच के सात और दो हजार तेइस बैच के अड़तीस प्रशिक्षु अधिकारियों से मुलाकात की। इस अवसर पर अधिकारियों से संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने उन्हें संवाद, संवेदनशीलता और सकारात्मकता का मंत्र दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य के प्रशासन का महत्वपूर्ण हिस्सा बनना, बड़ी चुनौतियों से भरा है। यह चुनौतियां ही व्यक्तित्व को निखारेंगी। उन्होंने अधिकारियों से जनहित को सर्वोपरि रखने और निर्णय प्रक्रिया में ईमानदारी व निष्पक्षता को प्राथमिकता देने का आह्वान किया।

**********

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मथुरा के शाही ईदगाह को विवादित ढांचा घोषित करने वाली याचिका को आज अस्वीकार कर दिया । हाईकोर्ट के न्यायाधीश राम मनोहर नारायण मिश्रा की एकल पीठ ने तेईस मई को सुनवाई के बाद अपने आदेश को सुरक्षित रख लिया था। हमारे प्रतिनिधि ने बताया कि मथुरा श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह मस्जिद विवाद से जुड़ी अठारह याचिकाओं पर अभी भी सुनवाई जारी रहेगी। अभी इस मामले में अगली सुनवाई की तारीख तय नहीं है।

**********

कल से शुरू हुई 38 दिन की श्री अमरनाथ यात्रा सुचारू रूप से जारी है। यात्रा कल दक्षिण–कश्मीर के अनंतनाग जिले में पहलगाम और मध्य–कश्मीर के गांदरबल जिले के बालतल से विधिवत शुरु हुई थी। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

**आज सुबह पहलगाम मार्ग पर 3000 से अधिक भक्तों को चंदनवाड़ी की ओर जाने की अनुमति दी गई। बालतल गांदरबल बेस कैंप से 7700 से अधिक तीर्थयात्रियों को पवित्र गुफा की ओर जाने की अनुमति दी गई। अधिकारियों ने बताया कि दोपहर 12 बजे तक 5600 से अधिक तीर्थयात्रियों ने पवित्र गुफा में शिवलिंगम के दर्शन किए। तारिक राथर, आकाशवाणी समाचार, श्रीनगर।**

**********

प्रदेश भर में सात जुलाई तक वन महोत्सव मनाया जा रहा है। इसी क्रम में वाराणसी जिले के सारनाथ में ऑपरेशन सिंदूर की महत्ता को दर्शाते हुए आज सिंदूर वाटिका की स्थापना की गई। वाराणसी के मंडलायुक्त एस राजलिंगम ने सिंदूर का पौधा लगा कर इसकी शुरूआत की। मंडलायुक्त ने कहा कि सिंदूर पवित्रता का पौधा होता है। वन महोत्सव के तहत ऐसे पौधे भी लगाए जा रहे हैं जो कि हमारी वीरता और पवित्रता का भी बोध कराते हैं। महोत्सव के तहत सारनाथ में सिंदूर वाटिका की स्थापना की गई है।

**********

गाजीपुर जिले में एस एक सौ इक्यानवे गैंग के पूर्व सरगना मुख्तार अंसारी के लखनऊ स्थित भारतीय स्टेट बैंक के खाते में मौजूद पचीस लाख बावन हजार रुपये को पुलिस ने फ्रीज करवा दिया है। गाजीपुर सदर के क्षेत्राधिकारी शेखर सेंगर ने बताया कि मुख्तार अंसारी की पत्नी अफसा अंसारी पचास हजार की घोषित इनामी हैं और फरार चल रही हैं। पुलिस द्वारा बैंक में जमा धन को फ्रीज करवाने की कार्रवाई अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के क्रम में की गई है।

**********

आज स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि है। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि स्वामी विवेकानंद ने सेवा और करुणा के मार्ग पर चलने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा है कि स्वामी विवेकानंद ने वेदांत, सेवा और आत्मबल के आलोक से सनातन संस्कृति को विश्वमंच पर प्रतिष्ठित किया।

**********

प्रदेश भर में रुक रुक कर मानसूनी बारिश का क्रम जारी है। मौसम विज्ञान विभाग ने चेतावनी दी है कि पूर्वी उत्तर प्रदेश में कल और आठ जुलाई को कहीं कहीं भारी बारिश होगी। विभाग के अनुसार छह जुलाई से आठ जुलाई तक पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भी यही स्थिति रहेगी। दोनों अंचलों में कहीं कहीं बिजली गिरने की भी आशंका है। इस बीच, मानसूनी बारिश से नदियों के जल स्तर के बढ़ने का सिलसिला जारी है। वाराणसी जिले में आज सुबह आठ बजे जारी रिपोर्ट के अनुसार गंगा नदी के जल स्तर में एक सेंटीमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से बढ़ोत्तरी हो रही है।

**********